**लोक शिक्षण संचालनालय**
**छत्तीसगढ़**
इन्द्रावती भवन, खण्ड-3, प्रथम तल, नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नम्बर- 0771&2331385,Email Id - cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक/सतर्कता/बी/ब.बाजार-भाटापारा/220/2025/ 1014 नवा रायपुर, दिनांक 08/10/2025

**//आदेश//**

श्री रमेशर बंजारे, प्रभारी प्राचार्य(मूलपद व्याख्याता) शासकीय उ.मा.वि.टुण्डरा वि.खं. कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.) के विरूद्ध शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सहमति से विद्यालय के टेबल-बेंच(फर्नीचर) को निजी विद्यालयों को बेच देने के संबंध में ग्रामवासियों के द्वारा विरोध एवं दिनांक 13.09.2025 को विकास खंड शिक्षा अधिकारी कसडोल को दूरभाष प्राप्त मौखिक शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा तहसीलदार टुण्डरा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कसडोल, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी कसडोल, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक कसडोल तथा संकुल समन्वयक टुण्डरा, नरघा एवं कुम्हारी के द्वारा स्थल में निरीक्षण एवं जांच करायी गयी। स्थल निरीक्षण एवं जांच में शाला के प्रभारी प्राचार्य श्री रमेशर बंजारे द्वारा निजी विद्यालयों को शाला के उपयोगी टेबल-बेंच(फर्नीचर) क्रमशः (1)- ज्ञान अमृत विद्याालय टुण्डरा को 67 नग टेबल-बेंच एवं (2)- धाविका पब्लिक स्कूल शिवरीनारायण जिला-जांजगीर चांपा को 40 नग शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा अनुशंसा करके बेचने में श्री बंजारे की संलिप्तता पाये जाने से प्रथम दृष्टया दोषी हैं।

2/ श्री बंजारे का उक्त कृत्य पदीय उत्तरदायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है, जो छ.ग.सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन है।

3/ अतएव श्री रमेशर बंजारे, प्रभारी प्राचार्य(मूलपद व्याख्याता) शासकीय उ.मा.वि.टुण्डरा वि.खं. कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.) को छ.ग.सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है ।

4/ निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.) नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

Digitally signed by
RITURAJ RAGHUVANSHI
Date: 07/10/2025
13:43:28

**(ऋतुराज रघुवंशी)**
**संचालक,**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**

पृष्ठां.क्र./सतर्कता/बी/ब.बाजार-भाटापारा/220/2025/ 1015 नवा रायपुर, दिनांक 08/10/2025

प्रतिलिपिः-

1/ सचिव, छत्तीसगढ़ शासन सकूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर।

2/ संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर ।
3/ कलेक्टर जिला बलादाबाजार-भाटापारा।
4/ जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा।
5/ विकास खंड शिक्षा अधिकारी, कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा।
6/ प्राचार्य, शासकीय उ.मा.वि.टुण्डरा वि.खं.कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा।
**को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**
7/ श्री रमेशर बंजारे, प्रभारी प्राचार्य(मूलपद व्याख्याता) शासकीय उ.मा.वि.टुण्डरा वि.खं. कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.)को सूचनार्थ प्रेषित।

8/ स्टाक फाईल।

Digitally signed by
Ashok Narayan Banjara
Date: 07-10-2025
16:39:50

**उप संचालक**
**लोक शिक्षण छत्तीसगढ़**